आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 06.08.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रप्रयाग जिले के आपदा से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण किया, कहा– सरकार केदारनाथ यात्रा मार्ग को पहले की भांति संचालित करने के लिए तेजी से कार्य कर रही है।
- श्री केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवा के जरिए यात्रा कल से शुरू होगी, श्रद्धालुओं को किराए में 25 प्रतिशत छूट दी जाएगी।
- राज्य पर्यटन विभाग ने उत्तरकाशी के सरूताल बुग्याल को ट्रेक आफ द ईयर घोषित किया।
- राजधानी देहरादून, बागेश्वर, पौड़ी और नैनीताल जिलों में आज भारी से भारी बारिश की चेतावनी।
- पेरिस ओलंपिक में भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

सीएम रुद्रप्रयाग दौरा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज रुद्रप्रयाग जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सरकार श्री केदारनाथ यात्रा मार्ग को पहले की भांति संचालित करने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारी बारिश के कारण 29 स्थानों पर पैदल व सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रिकार्ड समय में 12 हजार से अधिक यात्रियों व स्थानीय लोगों को रेस्क्यू किया गया है। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन लगभग पूरा हो चुका है।

श्री धामी ने बताया कि केदारनाथ धाम यात्रा को फिर से संचालित करने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कल से हेली के माध्यम से श्री केदारनाथ धाम की यात्रा पुनः शुरू कर दी जाएगी। हेली सेवा के माध्यम से केदारनाथ दर्शन को पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किराए में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी, जिसका खर्च राज्य सरकार वहन करेगी।

टिहरी परियोजना

टिहरी हाइड्रो कॉर्पोरेशन लिमिटेड– टीएचडीसी ने टिहरी जलविद्युत परियोजना के पंप स्टोरेज प्लांट की पहली इकाई को चालू करने की दिशा में कदम आगे बढ़ा दिया है। परियोजना की 250 मेगावाट इकाई का मैकेनिकल परीक्षण सफल रहा है। टीएचडीसी के कार्यकारी निदेशक एलपी जोशी ने बताया कि टिहरी बांध अपनी पूरी क्षमता 2 हजार 400 मेगावाट बिजली पैदा करने के लक्ष्य के बेहद करीब पहुंच गया है। 1000 मेगावाट की टिहरी परियोजना और 400 मेगावाट का कोटेश्वर बांध पहले से ही चालू हैं। अब 1000 मेगावाट का पंप स्टोरेज प्लांट परियोजना भी जल्द शुरू हो सकती है। आकाशवाणी से बातचीत में कार्यकारी निदेशक ने बताया कि सभी परीक्षण शत–प्रतिशत सफल रहे हैं। मशीन की मैकेनिकल स्पीडिंग पूरी हो चुकी है। इसी तरह की तीन अन्य इकाइयों पर भी तेजी से काम चल रहा

है। श्री जोशी ने बताया कि पंप स्टोरेज प्लांट भारत की पहली परियोजना है, जो रिवर्स फार्मूले पर बिजली पैदा करेगी। ऐसा करने वाला भारत दुनिया का तीसरा देश बन गया है। इससे पहले यह तकनीक सिर्फ फ्रांस और स्विट्जरलैंड में ही इस्तेमाल हो रही थी।

## म्यांमार

म्यांमार में फंसे राज्य के नागरिकों को निकालने के प्रयास तेज हो गए हैं। इसके लिए शासन ने जिलों से ऐसे नागरिकों का विवरण मांगा है। चमोली जिले की प्रभारी अधिकारी विनीता भट्ट ने बताया कि म्यांमार की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए जानकारी मांगी गई है। इसमें नागरिकों का नाम, उत्तराखंड व म्यांमार में पता, मोबाइल नम्बर, ईमेल, पासपोर्ट नंबर आदि की जानकारी दी जानी है। इस जानकारी के बाद म्यांमार में फंसे नागरिकों की सुरक्षा के संबंध में गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा है कि अगर किसी के सगे–संबंधी म्यांमार में रहते हैं तो वे आपातकालीन नम्बर 112 पर उनका विवरण उपलब्ध करा सकते हैं।

## सरूताल ट्रैक

उत्तरकाशी के सरूताल बुग्याल को पर्यटन विभाग ने ट्रेक आफ द ईयर घोषित किया है। पर्यटन विभाग दो सितंबर से 30 नवंबर तक इस क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियां संचालित कराएगा। सरुताल झील, गोविंद वन्यजीव विहार में स्थित बुग्याल में है। समुद्रतल से इसकी ऊंचाई 3 हजार 900 मीटर है। सरूताल से स्वर्गारोहिणी, बंदरपूंछ, काली चोटी सहित अन्य पर्वत श्रृंखलाओं दिखाई देती हैं। जिला पर्यटन अधिकारी कमल किशोर जोशी ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि सरुताल एक खूबसूरत व हिडन ट्रेक है, जिसे एक्सप्लोर करने के लिए इसे ट्रेक ऑफ़ द ईयर बनाया गया है। पर्यटन विभाग ने सभी ट्रैकर और ट्रैकिंग एजंसियों को सरुताल आने के लिए आमंत्रित किया है।

## गैरसैण विधानसभा

उत्तराखंड का मानसून विधानसभा सत्र 21 अगस्त से चमोली जिले के गैरसैंण स्थित विधानसभा भवन में आहूत किया जाएगा। इस संबंध में आज विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने देहरादून स्थित विधानसभा भवन में मानसून सत्र की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को मानसून सत्र को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक सुविधाएं जुटाने के निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

## लोकनिर्माण मंत्री

लोकनिर्माण मंत्री और चौबट्टाखाल से विधायक सतपाल महाराज ने आज पोखड़ा विकासखंड में लगभग चार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री महाराज ने कहा कि इससे क्षेत्र का विकास होगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने लोकपर्व हरेला के तहत वृक्षारोपण भी किया।

''हरियाली तीज''

देहरादून स्थित राजभवन में आज ''हरियाली तीज'' के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तीज उत्सव की महत्ता और भारतीय संस्कृति में इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई, जिसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। नृत्य और संगीत के माध्यम से कलाकारों ने तीज के त्योहार का जीवंत चित्रण किया।

हरिद्वार आग

हरिद्वार के इंडस्ट्रियल एरिया में आज एक मेटल कोटिंग फैक्ट्री में आग लग गई। घटना की सूचना पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने आग पर काबू पाया। आग को बुझाने में फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियों को लगभग 3 घंटे का समय लगा। घटनास्थल से हमारे संवाददाता ने बताया कि आग लगने के दौरान फैक्ट्री में हजारों लीटर केमिकल रखा था। साथ ही लगभग 45 कर्मचारी भी मौजूद थे। घटना के दौरान पड़ोस के भवन में भी तीस कर्मचारी काम कर रहे थे।

पौड़ी हादसा

पौड़ी जिले के कोट विकासखण्ड में गैंठीछेड़ा झरने में नहाने के दौरान दो युवकों की पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी है। 18 व 20 साल के दोनों युवक खडेत गाँव के रहने वाले थे। दोनों युवक जब कल देर शाम तक घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने राजस्व पुलिस में इसकी सूचना दी थी। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर दोनों युवकों के शव बरामद किए।

काला धन

वित्त मंत्रालय ने बताया है कि पिछले वित्त वर्ष के अंत तक 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि से जुड़े लगभग 652 मामले सामने आये और काला धन (अघोषित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम के अंतर्गत 163 मामलों में मुकदमा दायर किया गया। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में लिखित उत्तर में कहा कि जुलाई से सितंबर 2015 के बीच इस अधिनियम के अंतर्गत तीन महीने की अवधि के दौरान 4 हजार करोड़ रुपये से अधिक की अघोषित विदेशी संपत्ति से जुड़े 648 मामलों का खुलासा किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कर और जुर्माने के माध्यम से लगभग ढाई हजार करोड़ रुपये वसूले गए।

मौसम

राजधानी देहरादून में दोपहर बाद से बारिश हो रही है। बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। इस बीच, देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले पांच दिनों का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग ने देहरादून, बागेश्वर, पौड़ी और नैनीताल जिलों में आज भारी से भारी बारिश का ऑरेंज और अन्य जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में 11 अगस्त तक बारिश के आसार बने हुए हैं।

ओलंपिक भारत

पेरिस ओलंपिक में नीरज चोपड़ा भाला फेंक प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंच गए हैं। क्वालिफिकेशन राउंड में उन्होंने अपने पहले ही थ्रो में नवासी दशमलव तीन चार मीटर भाला फेंकते हुए फाइनल में जगह बनाई। उनके साथी किशोर कुमार जेना फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। दूसरी तरफ महिला पहलवान विनेश फोगाट ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने 50 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की ओक्साना लिवाच को हराया। आज रात सवा दस बजे सेमीफाइनल में उनका मुकाबला क्यूबा की वाई गुजमैन से होगा। वहीं हाकी के सेमीफाइनल में भी रात साढ़े दस बजे भारत का मुकाबला जर्मनी से होगा।